संक्षिप्त

विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी

दौसा, (निसं)। श्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को जागृति अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने पोक्सो अधिनियम साइबर अपराध नशे की प्रवृत्ति पर रोकथाम, नए कानून इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक पौधा देश के नाम अभियान में वृक्षारोपण किया गया। ऑपरेशन जागृति के तहत पुलिस थाना सैंथल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैंथल में पुलिस विद्यार्थी संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें बालक बालिकाओं को पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, सडक दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें जागरूक किया गया। इसके साथ ही नए कानूनों, साइबर क्राइम, युवाओं में बढ ती नशे की लत, ट्रैफिक रूल्स आदि के बारे में जानकारी दी गई।

शिरीष शर्मा बने महामंत्री

दौसा, (निसं)। विप्र फॉउंडेशन राजस्थान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा ने दौसा निवासी शिरीष शर्मा को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। इधर शिरीष शर्मा को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किये जाने पर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष इन्द्रशेखर शर्मा का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश महामंत्री संगठन कैलाश तिवारी ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंन्दुशेखर शर्मा ने शिरीष शर्मा दौसा एवं देवाशीष भारद्वाज भरतपुर को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। इधर शिरीष शर्मा को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किये जाने पर गजेन्द्र झाला, नवीन शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, हेमेन्द्र शर्मा, मनीष लाटा, रितेश पारीक, अनिल पारीक, अशोक पारीक, विशाल पाराशर, अरुण पाराशर, मयंक शर्मा, रवि गंगावत सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा को आभार व्यक्त करते हुये शिरीष शर्मा का स्वागत किया है।

डिक्की से रूपयों से भरा बैग पार

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह कस्बे में सोमवार को बैंक से 3 लाख रूपये लेकर निकले एक वृद्ध की बाइक की डिक्की से शातिर चोरों ने 3 लाख रूपयों से भरा बैग चुरा ले भागे। पीडित ईश्वर सिंह जो कि पीएचईडी विभाग में कार्यरत है। सोमवार को एसबीबाई शाखा जयपुर रोड से 3 लाख रूपये निकलवा रूपयो से भरा बैग मोटरसाईकिल की डिक्की में रख घर पहुंचा। घर जाकर डिक्की खोली तो रूपयो से भरा बैग गायब मिला। पिडित ने तत्काल थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बैंक के बाहर व बैंक से पीडित के मकान की और से जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बैग चुराने वाले चोरों की पहचान का प्रयास शुरू किया।

कृषि उपकरणों की हुई उपलब्धता

निवाई, (निसं)। कृषि महाविद्यालय में कृषि से संबंधित उपकरणों की उपलब्धता हो गई है। अधिष्ठाता डॉ. आरएस मीणा ने बताया कि कृषि महाविद्यालय में कृषि उपकरण रोटोवेटर, एमवी प्लाव, सीड कम फर्टिलाईजर सीड ड्रील कल्टीवेटर लेंड लेवलर, पोस्ट होल डीगर, कुली, बंडरिज फार्मर एवं पाटा सहित आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता हुई है। उन्होंने बताया कि उपकरणों की मदद से महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का प्रायोगिक ज्ञान बढ ाने में सहायक होंगे साथ ही कृषि फार्म को विकसित किया जा सकेगा।

पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ

दौसा, (निसं)। जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने सोमवार को भाण्डारेज से लालसर रोड पर पौधारोपण कर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई एमएल मीणा ने बताया कि इस मार्ग पर विभाग द्वारा रोड साईड में लगभग 1200 पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान विभाग के एक्सईएन जेपी कर्दमए एईएन डीआर मीणा सहित अन्य अभियंता व कार्मिक उपस्थित रहे।

दूरसंचार समिति की बैठक कल

दौसा, (निसं)। जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक 10 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की जावेगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भीपुर पहुंच नुकसान का लिया जायजा

- मालपुरा में हुई बाढ़ त्रास्दी के चार दिन बाद खुली प्रशासनिक अधिकारियों की नींद

मालपुरा, (निसं)। चार दिन पूर्व मालपुरा क्षेत्र में हुई मूसलाधार बरसात से बने बाढ के हालातों से सैंकडों की संख्या में क्षेत्र में धराशाही हुये मकानों व खेतों में किसानों को हुये भारी नुकसान को लेकर प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया द्वारा लगातार खबरे प्रकाशित करने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी की कुम्भकरण की नींद चार दिन बाद खुली। सोमवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के भीपुर गांव में पहुंची जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया ने पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत व राजस्व टीम के साथ भारी बरसात से धराशाही हुये चार दर्जन से अधिक कच्चे-पक्के मकानों का जायजा लिया।

जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया ने भीपुर पहुंच तबाही व नुकसान का जायजा लिया।

एक दिन की बारिश में भीपुर गांव में हुई भारी तबाही ने गांव को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया। मकान धराशाही हो जाने से खाने पीने के सामान सहित महिलाओं के आभूषण, नगदी सहित घरेलू सामान मलबे में दब जाने से लोग घर से बेघर हो गये। भीषण तबाही के विडियो सोशल मिडिया पर जमकर वायरल होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों के मौके पर पहुंच पीडितों को अस्थाई आसियाने उपलब्ध करवाने व उनके रहने खाने की व्यवस्था नहीं करने से ग्रामीणों ने ही एक-दूजे की मदद कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया। जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर व तहसीलदार राहुल पारीक सहित विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने दूसरे दिन मौके पर पहुंच ग्रामीणों की सुध ले भारी तबाही से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाये जाने के बावजूद चार दिन बाद सोमवार को जिला परिषद अधिकारी मौके पर पहुंचे। रोते बिलखते घर से बेघर हुये लोगों ने अधिकारियो के समक्ष आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुये तबाही के मंजर की दास्तान सुनाते हुये मलबे के ढेर में तब्दील हुये उनके टूटे आवास दिखाये। पिलानिया ने विकास अधिकारी को टीम गठित कर आवास विहिन हुये परिवारों की सूची बना जिला परिषद भिजवाने के निर्देश दिये ताकि उनके लिये आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही शुरू की जा सके। आर्थिक मदद के नाम पर ग्रामीणों को रसद सामग्री व फूड पैकेट वितरण किये गये। मौके पर नायब तहसीलदार जयसिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, ग्राम विकास अधिकारी संतोष सिंह, पटवारी हरिओम सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। कलमंडा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में भरे बरसाती पानी की पंचायत प्रशासन द्वारा निकासी नहीं करवाने से विद्यालय भवन का रिकॉर्ड भीगने के साथ-साथ भवन को भी भारी नुकसान हो रहा है।

इनामी बदमाश गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने सोमवार को प्रकरण में फरार विधि से संघर्षरत 5 हजार रूपए का इनामी किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व पीपलू वृत्ताधिकारी देशराज कुलदीप के निर्देशानुसार थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट के सुपरविजन में प्रकरण में फरार विधि से संघर्षरत एक किशोर की तलाश हेतु पुलिस टीम प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि विधि से संघर्षरत किशोर की तलाश रतलाम, मुम्बई, नासिक, औरंगाबाद व महाराष्ट्र में की गई। विधि से संघर्षरत किशोर लगभग 3 माह से फरार चल रहा था। विधि से संघर्षरत किशोरचालाक प्रवृति का अपराधी है। जो औरंगाबाद शहर में बार-बार अपने ठिकाने व कार्यस्थल बदल रहा था। किशोर मोबाईल फोन का भी प्रयोग नही करता था। पुलिस टीम ने आरोपी को इण्डस्ट्रीयल एरिया औरंगाबाद में काम करते हुए को डिटेन किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को निरुद्ध करके न्यायालय में पेश किया। जिस पर न्यायालय के आदेशों पर आरोपी को बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया गया है।

श्री नामदेव टांक क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित

शाहपुरा, (निसं)। श्री नामदेव टांक क्षत्रिय समाज त्रिवेणी धाम के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश चंद्र लखमरा की नियुक्ति के उपरांत प्रथम मासिक मीटिंग का आयोजन संरक्षक मदनलाल कश्यप की अध्यक्षता में रविवार को समाज की त्रिवेणी धाम स्थित भवन में आयोजित हुई।

मीटिंग का प्रारंभ उपस्थित लोगों ने अपना परिचय देते हुए आजीवन सदस्यता के तहत 500 रूपये जमा कराकर रसीद प्राप्त की। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश चंद्र लखमरा ने उपस्थित लोगों की सहमति पर अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उमेश कुमार टेलर पुत्र स्वर्गीय प्रेम प्रकाश टेलर (पांडला) शाहपुरा को उप महासचिव, मनोज कुमार टॉक पुत्र राजेंद्र कुमार टेलर शाहपुरा को मीडिया प्रभारी, राजेश कटोरा हाथीदेह को संगठन मंत्री, कैलाश ऊंटवाल हनुतिया को संरक्षक नियुक्त किया गया। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी द्वारा संचालित संस्था के बैंक खाता एसबीआई बैंक शाहपुरा में नवीनीकरण से संबंधित कार्य मंगलवार को पूर्व कोषाध्यक्ष साधुराम कश्यप एवम नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश चंद्र लखमरा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में करने का निर्णय लिया गया।

कु. उन्नित टांक को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

भवन के ऊपर दोनो तरफ संस्था का नाम बडे अक्षरों में लिखवाने के लिए उप महासचिव उमेश कुमार टेलर तथा संगठन मंत्री राजेश कटोरा को जिम्मेदारी दी गई।

इस दौरान पूर्व में घोषित समाज के मेधावी बच्चों को दी जाने वाली परितोषित के तहत कु. उन्नित टांक निवासी प्रतापनगर सांगानेर को सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2023 में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेश चंद्र लखमरा ने उपस्थित सभी लोगों की सहमति पर समाज के त्रिवेणी धाम भवन में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सुबह 11:30 बजे मीटिंग करने की घोषणा करी। इस दौरान मीटिंग में ताराचंद ऊंटवाल, गजानंद टॉक, सीताराम टेलर, पूरणमल कश्यप, रवि शंकर टॉक, राम गोपाल टेलर आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लेफ्टिनेंट विक्रम सिंह का किया सम्मान

श्रीमाधोपुर ,(निसं)। कस्बे के महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी ग्राम अरनिया के विक्रम सिंह पुत्र स्व. सोहन लाल बिजारनिया का सम्मान किया गया। अरनिया ग्राम की लूनावाली ढाणी निवासी विक्रम सिंह का भारतीय सेना में लेटिनेंट (सीडीएस) के पद पर चयन हुआ है। कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार व अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व महाविद्यालय संस्थापक स्व. चौधरी प्रताप सिंह खर्रा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

विक्रम सिंह का सीडीएस के पद पर चयन होने पर सम्मान किया गया।

निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने विक्रम सिंह के पारिवारिक परिस्थितियों के बारे में विधार्थियों को अवगत कराया की कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी छात्र ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। उसका उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह सफलता दूसरे प्रयास में प्राप्त की है। उनके पिता सोहनलाल की वर्ष 2015 में सडक हादसे में मौत हो गई थी। जब विक्रम महज 12 साल के थे तब, पिताजी की मृत्यु एक सडक दुर्घटना में हो गई थी। पिता के असामयिक निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड टूट पडा। परिवार के नाजुक आर्थिक हालातों के चलते माँ सावित्री देवी ने खेतों में फसल कटाई की। मजदूरी कर विक्रम को पढाया। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी ने बताया की छात्र ने महाविद्यालय मे नियमित कक्षा लेकर व पुस्तकालय में बैठकर स्वअध्ययन किया व पढाई के प्रति महाविद्यालय अनुशासन के बारे में विधार्थियो को बताया। महाविद्यालय में निशुल्क लाइब्रेरी के साथ निशुल्क पुस्तके उपलब्ध है। विक्रम ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वी.के. सैनी, गुरुजनों तथा अपनी माता सावित्री देवी एवं चाचा गुलाराम को दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता प्रमोद कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता सुशीला देवी, मांगीलाल कुमावत, बृजमोहन यादव, रोहित शर्मा, कमलेश कुमार, कैलाश कुमार सिंह, राकेश शर्मा, धर्मपाल सिंह सहित प्रथम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सहायक निदेशक ने जांची व्यवस्थाऐं

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा पहुंची महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मेरिगटन सोनी ने सोमवार को सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मालपुरा का निरीक्षण कर सरकार द्वारा चलाई जा रही उडान योजना के अन्तर्गत छात्राओं को विद्यालयों में वितरण किये जा रहे सेनेटरी नेपपिन योजना का फीडबैक लेते हुये विद्यालय छात्राओं से मुखाबित होते हुये जमीनी जांच पडताल की। जांच में विद्यालय प्रशासन द्वारा योजना का सुचारू संचालन किया जाना सामने आया। तत्पश्चात सोनी ने बृजलाल नगर ग्राम पंचायत के फलोदी बालाजी हनुमानगढ आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण कर केन्द्र पर बेटी जन्म उत्सव मनाया तथा परिसर मे पौधरोपण भी किया। इस दौरान आंगनबाडी साथिन सुशीला शर्मा,निशा वैष्णव एएनएम व कार्यकर्ता बदाम शर्मा, साहयिका लाड शर्मा आदि मौजूद रहे।

संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें : एडीएम

- जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

कोटपूतली, (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। एडीएम योगेश कुमार डागुर ने सभी विभागों के अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत को मौसमी बीमारियों और विशेष कर मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने, स्टॉप डायरिया अभियान के तहत किए जाने वाले उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। साथ ही दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली और विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला स्तरीय प्रोग्राम आयोजित करवाने के लिए कहा व आयुष्मान कार्ड वितरण को सैचुरेशन स्तर तक पहुंचने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को प्रवेश उत्सव तो धूमधाम से मनाने, नामांकन बढाने तथा वृक्षारोपण अभियान के तहत लक्ष्यानुरूप वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक सहायक निदेशक ने पेंशन वेरिफिकेशन में बानसूर तथा पावटा की पेंडेंसी अधिक होने की जानकारी दी। इस पर एडीएम ने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबंधित विकास अधिकारियों को शीघ्र वेरीफिकेशन करवाने के लिये कहा तथा कन्यादान योजना में ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य देते हुए प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि मिनीकिट्स की आवश्यकता अनुसार मांग भेज दी गई है और शीघ्र ही आवंटन के लिए कहा गया है। बैठक में पीएचडी विभाग, जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग, जल संसाधन, रसद विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। एडीएम ने सघन वृक्षारोपण अभियान की प्रगति की विभागवार जानकारी ली तथा अभियान के सफल संपादन के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विभाग के अधीन आने वाले सभी कर्मचारियों का कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश प्रदान किये।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता आर एस बंसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सतपाल यादव, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक आर के जैन सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

आश्रित को मिला दस लाख का चेक

पावटा, (निसं)। दुर्घटना बीमा योजना के तहत दी जयपुर कॉपरेटिव सेंट्रल बैंक की ग्राम सेवा सहकारी समिति आंतेला ने 5 फरवरी 2023 को मृतक किसान गजानंद योगी की सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर सोमवार को आश्रित मूर्ति देवी को ब्रांच मैनेजर पावटा नवरतन, समिति अध्यक्ष बाबू लाल यादव, समिति व्यवस्थापक जितेंद्र यादव, ऋण पर्यवेक्षक अजय पारिक, राजेश यादव ने 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। दुर्घटना बीमा का चेक सौंपते हुए ब्रांच मैनेजर पावटा नवरतन ने कहा जयपुर कॉपरेटिव सेंट्रल बैंक की ग्राम सेवा सहकारी समिति समाज के उत्थान के प्रति कृत संकल्पित है। यह बैंक सिर्फ लेनदेन, ऋण ही नहीं बल्कि आमजन के जीवन को बेहतर ढंग से संवारने का कार्य कर रहा है। बैंक द्वारा दुर्घटना बीमा योजना से जुडकर जीवन को बेहतर ढंग से जीने के लिए प्रेरित किया। कहां दुर्घटना बीमा योजना से लाभान्वित हुई आश्रित मूर्ति देवी इसकी नजीर हैं। वही योजना से लाभान्वित हुई मृतक आश्रित ने बैंक प्रबंधन को साधुवाद दिया। वही समिति ने लोगों का आव्हान किया कि योजना से अधिकाधिक संख्या में जुडकर लाभ लें।

सचिव ने कारागृह, स्कूल का निरीक्षण किया

बौंली- बामनवास, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला एवं सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिला कारागृह, रुक्मणी वृद्धाश्रम एवं चेतना दिव्यांग विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहा की व्यवस्थाओं को जांच कर सुधार करने के निर्देश दिए। जिला कारागृह के निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक जेलर दाऊ दयाल शर्मा से भोजन, पानी, चिकित्सा व बैरकों के साफ, सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जाने वाली सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। इस दौरान 92 बंदी जिला कारागृह में थे। रुक्मणी वृद्धाश्रम एवं चेतना दिव्यांग विद्यालय के निरीक्षण के दौरान दिव्यांग बालकों को दी जाने वाली चिकित्सा, भोजन व बालकों के कौशल विकास आदि के संबंध में जांच की गई। वृद्धाश्रम में 6 पुरुष व दो महिला सहित 8 वृद्धजन थे। चेतना दिव्यांग विद्यालय में 27 बच्चे उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम मैनेजर हेमराज मीणा, केयरटेकर कृष्णा बाई चेतन दिव्यांग विद्यालय में विशेष शिक्षक हरफूल, सहदेव एवं ज्योति मिश्रा मौके पर मौजूद थी।

101 फलदार व छायादार पौधे लगाए

अलवर, (निसं)। राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत रविवार को 101 पौधे लगाए गए। प्राचार्य प्रो. सत्य भान यादव ने बताया कि विजय फाउण्डेशन ट्रस्ट तथा आरनोल्ड शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति अलवर की ओर से महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये। विजय फाउण्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी देवेन्द्र विजय की ओर से आम, अमरूद, अनार, मौसम्मी, सन्तरा, कदम्ब, पीपल, बरगद सहित अनेक छायादार पौधों की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय के एनएसएस के सेवार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा एक-एक पौधा लगाया गया तथा उनको संभालने की शपथ ली गई। इस अवसर पर संयुक्त वैश्य व्यापार महासंघ की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाकर उपस्थित सभी लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने राजकीय महाविद्यालय मालाखेडा के प्राचार्य डॉ. रवि विजय, विजय फाउण्डेशन के देवेन्द्र विजय, अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के राजेश गुप्ता, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त वैश्य व्यापार महासंघ के सतीश गुप्ता, सुरेश चंद गर्ग को स्मृति चिह्न भेट किये। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

झाबरसिंह खर्रा का मनाया जन्मदिन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक तथा राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया। श्रीमाधोपुर तथा अजितगढ ब्लॉक में दो दर्जन से अधिक कार्यक्रम हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजितगढ में यूडीएच मंत्री पुत्र अजय सिंह खर्रा तथा प्रधान शंकर लाल यादव के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल, त्रिवेणी धाम तथा गौशालाओं में दानपुण्य किया। थोई में सरपंच पवन सांई के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। श्रीमाधोपुर शहर में श्री कृष्ण गौशाला में यूडीएच मंत्री पुत्र अजय सिंह खर्रा के नेतृत्व में हरा चारा गुड दलिया गायों को खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान भाजपा के जुगल चौधरी, पार्षद श्रवण आचार्य, बाबूलाल शर्मा,रोशन लाल बिजारणिया बनवारी लाल सैनी, बाबूलाल सैनी शिवपाल योगी, निरंजन कयाल, भाजपा युवा मोर्चा के ओमप्रकाश सैनी सहित पालिका पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

भैरूजी मंदिर जोहड़े में लगाए पेड़

श्रीमाधोपुर ,(निसं)। ग्राम पंचायत नांगल भीम के भैरुजी मंदिर जोहडे में समाजसेवी राजेश सैनी वार्ड पंच वार्ड नं. 3 के सौजन्य से 21 पेड ट्री गार्ड सहित लगाये गये। इस दौरान ऑल इंडिया सैनी समाज जिलाध्यक्ष नीमकाथाना ललित कुमार सैनी, तहसील अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कालूराम सैनी अरणिया, नरेन्द्र सैनी शिवम मेडिकल, बाबूलाल कटारिया, ओमप्रकाश सैनी, सुनिल गुर्जर ग्राम विकास अधिकारी नांगल भीम, अरविन्द कुमावत, सुभाष सैनी, हीरालाल, शंकर सैनी उपस्थित रहे। सभी ने वृक्षारोपण में सहयोग करते हुयें इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया। इस मौके पर महेन्द्र कुमार सरपंच नांगल भीम द्वारा सैनी समाज के वरिष्ठजनो का वृक्षारोपण के लिये आभार व्यक्त किया गया व पौधो की देखरेख व सुरक्षा के लिये आश्वस्त किया। यह जानकारी राजू बागवान ने दी।

दो नकबजनी की वारदातों का खुलासा, सात गिरफ्तार

दूदू, (निसं)। मौजमाबाद थाने की पुलिस ने कार्यवाही कर गत दो महीने पूर्व दो नकबजनी की वारदातों का खुलासा कर सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार ने बताया कि उगरियावास व बोराज गांव के नंदकिशोर कुमावत अशोक कुमार कुमावत थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा अवगत कराया कि चोरों की गिरोह द्वारा मकान की पीछे से जाली तोडकर नगदी व जेवरात सोने चांदी के चुरा कर ले गए थे। दर्ज प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उप पुलिस अधीक्षक दीपक खडेवाल थाना प्रभारी संजय मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर चोरी करने वाले साथ अभियुक्त को केंद्रीय कारागार अजमेर से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ईश्वर सिंह कंजर बेगू राम सिंह रायता मिश्रीलाल कंजर रायता मनोज कंजर मंडावरी गणपत लाल मंडावरी प्रेमचंद पालिका गोपाल वैष्णव जयनगर बेग को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में अभिक्तों ने बताया कि लग्जरी गाडी से गांव बेगू से चित्तौडगढ चोरी करने के इरादे से निकलते थे पश्चात हाईवे व मेगा हाईवे के आसपास के गांव में चोरी के लिए चिन्हित कर वारदात को अंजाम देते थे। वारदात के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करते थे। पुलिस द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।